# Model Paper (2026-27)

## Class: 12th (Senior Secondary)

## इतिहास

## History

## [Hindi and English Medium]

## Open

**Time: 3:00 Hours** **Maximum Marks: 80**

---

### सामान्य निर्देश
### General Instructions

**(i)** इस प्रश्न-पत्र में कुल **42 प्रश्न** हैं, जो पाँच खण्डों – **'क', 'ख', 'ग', 'घ' तथा 'ङ'** – में विभाजित हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**(i)** This question paper contains **42 questions** divided into five sections – **A, B, C, D and E**. All questions are compulsory.

**(ii)** खण्ड 'क' में प्रश्न संख्या **1 से 24** तक वस्तुनिष्ठ (Objective Type) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1 अंक** का है। निर्देशानुसार इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**(ii)** Section 'A' consists of **Question Nos. 1 to 24**, which are Objective Type Questions carrying **1 mark each**. Answer these questions as per the instructions.

**(iii)** खण्ड 'ख' में प्रश्न संख्या **25 से 32** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **2 अंक** का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60 से 80 शब्दों** से अधिक नहीं होना चाहिए।

**(iii)** Section 'B' consists of **Question Nos. 25 to 32**, which are Very Short Answer Type Questions carrying **2 marks each**. The answer to each question should not exceed **60–80 words**.

**(iv)**. खण्ड 'ग'  में प्रश्न संख्या **33 से 37** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3 अंक** का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **90 से 110 शब्दों** से अधिक नहीं होना चाहिए।

**(iv)** Section 'C' consists of **Question Nos. 33 to 37**, which are Short Answer Type Questions carrying **3 marks each**. The answer to each question should not exceed **90–110 words**

**(v)** खण्ड 'घ' में प्रश्न संख्या **38 से 41** तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5 अंक** का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **300 से 350 शब्दों** से अधिक नहीं होना चाहिए।

**(v)** Section 'C' consists of **Question Nos. 38 to 41**, which are Long Answer Type Questions carrying **5 marks each**. The answer to each question should not exceed **300–350 words**

**(vi)** खण्ड 'ङ' में प्रश्न संख्या **42** मानचित्र-आधारित (Map-Based) प्रश्न है, जिसके 5 **अंक** हैं। मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए।

**(vi)** Section 'E' consists of **Question No. 42**, which is a Map-Based Question carrying **5 marks**. Attach the map with the answer book.

**(vii)** कुछ प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प (Internal Choice) दिया गया है। ऐसे प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से केवल **एक प्रश्न** का उत्तर दीजिए।

**(vii)** Internal choice is provided in some questions. In such questions, attempt **only one** of the given alternatives.

**खंड- क (वस्तुनिष्ठ प्रश्न) 1×24=24**

**Section-A (Objective Questions)**

प्रश्न 1. वर्तमान में राखीगढ़ी किस राज्य में स्थित है?

(अ) राजस्थान
(ब) हरियाणा
(स) उत्तर प्रदेश
(द) गुजरात

Question 1. In which state is Rakhigarhi currently located?

(a) Rajasthan
(b) Haryana
(c) Uttar Pradesh
(d) Gujarat

प्रश्न 2. अर्थशास्त्र का लेखक कौन है?

(अ) चंद्रगुप्त मौर्य
(ब) कौटिल्य
(स) कल्हण
(द) बाणभट्ट

Question 2. Who is the author of Arthashastra?

(a) Chandragupta Maurya
(b) Kautilya
(c) Kalhan
(d) Banabhatta

प्रश्न 3. प्रसिद्ध पुस्तक ‘किताब-उल-हिंद’ के लेखक कौन हैं?

(अ) अलबरूनी
(ब) इब्नबतूता
(स) बर्नियर
(द) कौटिल्य

Question 3. Who is the author of the famous book ‘Kitab-ul-Hind’?

(a) Alberuni
(b) Ibn Battuta
(c) Bernier
(d) Kautilya

प्रश्न 4. साँची का स्तूप वर्तमान में कहाँ स्थित है?

(अ) उत्तर प्रदेश
(ब) राजस्थान
(स) मध्य प्रदेश
(द) छत्तीसगढ़

Question 4. Where is Sanchi Stupa located at present?

(a) Uttar Pradesh
(b) Rajasthan
(c) Madhya Pradesh
(d) Chhattisgarh

प्रश्न 5. हम्पी नगर किस नदी के किनारे बसा हुआ है?

(अ) कावेरी
(ब) तुंगभद्रा
(स) कृष्णा
(द) सतलुज

Question 5. Hampi city is situated on the banks of which river?

(a) Kaveri
(b) Tungabhadra
(c) Krishna
(d) Sutlej

प्रश्न 6. पाँचवीं रिपोर्ट ब्रिटिश संसद में कब प्रस्तुत की गई थी?

(अ) 1816 ई.
(ब) 1815 ई.
(स) 1813 ई.
(द) 1826 ई.

Question 6. When was the Fifth Report presented in the British Parliament?

(a) 1816 AD
(b) 1815 AD
(c) 1813 AD
(d) 1826 AD

प्रश्न 7. सामान्य सेवा भर्ती अधिनियम किस गवर्नर जनरल के शासनकाल में पारित किया गया था?

(अ) लॉर्ड डलहौजी
(ब) लॉर्ड वेलिंगटन
(स) लॉर्ड कैनिंग
(द) लॉर्ड लिनलिथगो

Question 7. The General Service Recruitment Act was enacted during the tenure of which Governor-General?

(a) Lord Dalhousie
(b) Lord Wellington
(c) Lord Canning
(d) Lord Linlithgow

प्रश्न 8. महात्मा गांधी के राजनीतिक गुरु कौन थे?

(अ) स्वामी विवेकानंद
(ब) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(स) विनोबा भावे
(द) गोपाल कृष्ण गोखले

Question 8. Who was the political guru of Mahatma Gandhi?

(a) Swami Vivekananda
(b) Rabindranath Tagore

(c) Vinoba Bhave
(d) Gopal Krishna Gokhale

प्रश्न 9. निम्नलिखित में से कौन-सी धार्मिक प्रथा हड़प्पा संस्कृति से अपरिचित एवं असामान्य प्रतीत होती थी?

(अ) एक देवी माँ
(ब) पुजारी राजा
(स) योग मुद्रा सील
(द) संस्कृत यज्ञ

Question 9. Which of the following religious practices appeared unfamiliar and unusual to the Harappan culture?

(a) Mother Goddess
(b) Priest King
(c) Yogic Posture Seal
(d) Sanskrit Yagya

प्रश्न 10. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का सबसे प्राचीन स्तूप है, जिसका निर्माण मौर्य सम्राट अशोक द्वारा करवाया गया था?

(अ) शांति स्तूप
(ब) अमरावती स्तूप
(स) साँची स्तूप
(द) नागार्जुनकोंडा स्तूप

Question 10. Which of the following is the oldest stupa in India built by the Mauryan King Ashoka?

(a) Shanti Stupa
(b) Amaravati Stupa

(c) Sanchi Stupa
(d) Nagarjunakonda Stupa

प्रश्न 11. निम्नलिखित में से कौन-सा पहलू जैन धर्म में तीर्थंकर के अर्थ का वर्णन करता है?

(अ) एक सर्वोच्च प्राणी जो ईश्वर का अवतार है।
(ब) जो पुरुषों और महिलाओं को अस्तित्व की नदी के पार ले जाते हैं।
(स) जो वेदांत तपस्या के मार्ग पर चलते हैं।
(द) जो परम सत्य और धर्म को जानते हैं।

Question 11. Which of the following describes the meaning of Tirthankaras in Jainism?

(a) A supreme being who is an incarnation of God.
(b) One who carries men and women across the river of existence.
(c) One who follows the path of Vedantic penance.
(d) One who knows the ultimate truth and religion.

प्रश्न 12. निम्नलिखित में से किस साम्राज्य ने सर्वप्रथम स्वर्ण मुद्राएँ (Gold Coins) जारी की थीं?

(अ) गुप्त साम्राज्य
(ब) मौर्य साम्राज्य
(स) कुषाण साम्राज्य
(द) यौधेय साम्राज्य

Question 12. Which of the following empires first issued gold coins?

(a) Gupta Empire
(b) Mauryan Empire

(c) Kushan Empire
(d) Yaudheya Empire

प्रश्न 13. प्रभावती गुप्त कौन थी?

Question 13 Who was Prabhavati Gupta?

प्रश्न 14. अंतर्विवाह से आप क्या समझते हैं?

Question 14. What do you understand by endogamy?

प्रश्न 15. इब्न बतूता किस सुल्तान के शासनकाल में भारत आया था?

Question 15. During the reign of which Sultan did Ibn Battuta come to India?

प्रश्न 16. कॉलिन मैकेंज़ी कौन था?

Question 16. Who was Colin Mackenzie?

प्रश्न 17. लाहौर अधिवेशन कब हुआ था?

Question 17. When was the Lahore Session held?

प्रश्न 18. सम्राट अशोक द्वारा धम्म के प्रचार हेतु नियुक्त अधिकारी __________ कहलाते थे।

Question 18. The officers appointed by Emperor Ashoka for the propagation of Dhamma were called __________.

प्रश्न 19. दक्षिण भारत में विष्णु की उपासना करने वाले भक्तों को __________ कहा जाता था।

Question 19. The devotees who worshipped Vishnu in South India were known as __________.

प्रश्न 20. स्थायी बंदोबस्त (Permanent Settlement) व्यवस्था 1793 ई. में __________ द्वारा लागू की गई थी।

Question 20. The Permanent Settlement System was introduced in 1793 AD by __________.

प्रश्न 21. मंगल पांडे को फाँसी __________ को दी गई थी।

Question 21. Mangal Pandey was hanged on __________

प्रश्न 22 से 24 के लिए निर्देश :
नीचे दो कथन दिए गए हैं। एक को अभिकथन (Assertion-A) तथा दूसरे को कारण (Reason-R) के रूप में अंकित किया गया है। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा नीचे दिए गए विकल्पों (A), (B), (C) एवं (D) में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

Instructions for Questions 22 to 24:
Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read both statements carefully and choose the correct answer from the options (A), (B), (C) and (D) given below.

प्रश्न 22.

अभिकथन (A): मनुस्मृति भारत का सबसे प्रसिद्ध विधि-ग्रंथ है।

कारण (R): इस ग्रंथ में राजा को सीमा-विवाद से बचने की सलाह दी गई है।

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) सही नहीं है।
(D) कारण (R) सही है, परन्तु अभिकथन (A) सही नहीं है।

Question 22.

Assertion (A): Manusmriti is the most famous legal text of ancient India.

Reason (R): In this text, the king has been advised to avoid border disputes.

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).
(c) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is not correct.
(d) Reason (R) is correct, but Assertion (A) is not correct.

प्रश्न 23.

अभिकथन (A): 1797 ई. में बर्दवान में एक नीलामी आयोजित की गई, जिसमें बर्दवान के राजा द्वारा धारित अनेक महाल (भूसंपदाएँ) बेची जा रही थीं।

कारण (R): बर्दवान के राजा पर राजस्व की भारी बकाया राशि थी, इसलिए उसकी संपत्तियों की नीलामी की जा रही थी।

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) सही नहीं है।
(D) कारण (R) सही है, परन्तु अभिकथन (A) सही नहीं है।

Question 23.

Assertion (A): An auction was held in Burdwan in 1797 AD in which many estates owned by the Raja of Burdwan were put up for sale.

Reason (R): The Raja of Burdwan owed a large amount of revenue arrears; therefore, his estates were being auctioned.

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is not correct.
(d) Reason (R) is correct, but Assertion (A) is not correct.

प्रश्न 24.

अभिकथन (A): असहयोग आन्दोलन के दौरान महात्मा गाँधी को मार्च 1922 में राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

कारण (R): उनके विरुद्ध चलाए गए मुकदमे की अध्यक्षता जस्टिस सी. एन. ब्रूमफील्ड ने की तथा उन्हें दण्डित किया।

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) सही नहीं है।
(D) कारण (R) सही है, परन्तु अभिकथन (A) सही नहीं है।

Question 24.

Assertion (A): Mahatma Gandhi was arrested on charges of sedition in March 1922 during the Non-Cooperation Movement.

Reason (R): Justice C. N. Broomfield presided over the trial against him and sentenced him.

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).
(c) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is not correct.
(d) Reason (R) is correct, but Assertion (A) is not correct.

## खंड – ख (अति लघु उत्तरीय प्रश्न) 2 × 8 = 16

## Section – B (Very Short Answer Type Questions)

प्रश्न 25. हड़प्पाकालीन जीवन-निर्वाह के मुख्य तरीकों का वर्णन कीजिए।
Question 25. Describe the main methods of subsistence of the Harappan period.

अथवा / OR

हड़प्पाकालीन कृषि प्रौद्योगिकी का वर्णन कीजिए।
Describe the agricultural technology of the Harappan period.

प्रश्न 26. अशोक के अभिलेखों के ऐतिहासिक महत्त्व पर टिप्पणी लिखिए।
Question 26. Write a note on the historical importance of Ashoka’s inscriptions.

प्रश्न 27. महायान और हीनयान में तीन अंतर बताइए।

Question 27. State any three differences between Mahayana and Hinayana.

प्रश्न 28. बर्नियर कौन था? उसकी पुस्तक का क्या नाम था?

Question 28. Who was Bernier? What was the name of his book?

प्रश्न 29. सूफ़ी शब्द से क्या अभिप्राय है?

Question 29. What is meant by the term "Sufi"?

अथवा / OR

चिश्ती उपासना की दो विधियों का वर्णन कीजिए।

Describe any two methods of Chishti worship.

प्रश्न 30. महानवमी डिब्बा क्या था? यह किसलिए महत्त्वपूर्ण था?

Question 30. What was the Mahanavami Dibba? Why was it important?

प्रश्न 31. मंगल पांडे कौन था?

Question 31. Who was Mangal Pandey?

प्रश्न 32. चम्पारण सत्याग्रह पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

Question 32. Write a short note on the Champaran Satyagraha.

अथवा / OR

अहमदाबाद मिल हड़ताल पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

Write a short note on the Ahmedabad Mill Strike.

## खंड – ग (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)        3 × 5 = 12

## Section – C (Short Answer Type Questions)

प्रश्न 33. भारत में परिवार व्यवस्था की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए।
Question 33. Write any three characteristics of the family system in India.

अथवा / OR

जाति-प्रथा के कोई तीन दोष अथवा बुराइयाँ लिखिए।
Tell any three faults or evils of the caste system.

प्रश्न 34. गांधार शैली की मूर्तिकला की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए।
Question 34. Write any three characteristics of Gandhara style sculpture.

प्रश्न 35. इब्न बतूता ने नारियल तथा पान का वर्णन किस प्रकार किया था?
Question 35. How did Ibn Battuta describe coconut and betel leaf?

प्रश्न 36. भक्ति आन्दोलन के उदय के तीन प्रमुख कारणों का वर्णन कीजिए।
Question 36. Explain any three reasons for the rise of the Bhakti Movement.

प्रश्न 37. डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर कौन थे?
Question 37. Who was Dr. B. R. Ambedkar?

अथवा / OR

धर्मनिरपेक्ष राज्य से आप क्या समझते हैं? विस्तारपूर्वक स्पष्ट कीजिए।
Explain the meaning of a “Secular State” in detail.

## खंड – घ (निबंधात्मक / प्रश्न) 5 × 4 = 20

## Section – D (Essay Type Questions)

प्रश्न 38. हड़प्पाई समाज में शासकों द्वारा किए जाने वाले सम्भावित कार्यों की चर्चा कीजिए।

Question 38. Discuss the possible functions performed by the rulers in Harappan society.

अथवा / OR

सिंधु घाटी सभ्यता की सामाजिक एवं धार्मिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

Describe the social and religious characteristics of the Indus Valley Civilization.

प्रश्न 39. मोहनजोदड़ो की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

Question 39. Describe the characteristics of Mohenjodaro.

अथवा / OR

क्या आप इस तथ्य से सहमत हैं कि हड़प्पा सभ्यता के नगरों की जल-निकास व्यवस्था सुव्यवस्थित नगर-योजना का प्रमाण प्रस्तुत करती है? अपने उत्तर को कारणों सहित स्पष्ट कीजिए।

Do you agree that the drainage system of the cities of the Harappan Civilization reflects advanced town planning? Explain your answer with suitable reasons.

प्रश्न 40. सिख धर्म की प्रमुख शिक्षाओं का वर्णन कीजिए।

Question 40. Describe the main teachings of Sikhism.

अथवा / OR

चर्चा कीजिए कि आलवारों, नयनारों तथा वीरशैवों ने किस प्रकार जाति-प्रथा की आलोचना की।

Discuss how the Alvars, Nayanars and Veerashaivas criticized the caste system.

प्रश्न 41. 1857 ई. के विद्रोह के परिणामों का विश्लेषण कीजिए।

Question 41. Analyse the consequences of the Revolt of 1857.

अथवा / OR

1857 ई. के विद्रोह के स्वरूप का वर्णन कीजिए।

Describe the nature of the Revolt of 1857.

## खंड – ङ (मानचित्र आधारित प्रश्न) 5 अंक

## Section – E (Map Based Question)

प्रश्न 42. दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर निम्नलिखित स्थानों को उनके नाम सहित अंकित कीजिए।

1. हड़प्पा सभ्यता का सर्वाधिक उत्तरी स्थल।
2. मत्स्य महाजनपद।
3. वह स्थान जहाँ महात्मा बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश दिया था।
4. ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह का स्थान।
5. वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड हुआ था।

Question 42. Mark the following places with their names on the given political outline map of India.

1. The northernmost site of the Harappan Civilization.
2. Matsya Mahajanapada.
3. The place where Gautama Buddha delivered his first sermon.
4. The location of the Dargah of Khwaja Moinuddin Chishti.
5. The place where the Jallianwala Bagh Massacre took place.